कक्षा X

बीरबहूटी

कहानी

प्रश्न और उत्तर - (भाग-2)

1) बच्चे सुरेंदर माटसाब से क्यों डरते थे?

सुरेंदर माटसाब ज़रा सी गलती पर बच्चों को इधर-उधर फेंक देते थे या झापड़ मारते थे। इसलिए बच्चे सुरेंदर माटसाब से डरते थे।

2) बेला का मन क्यों ख़राब हो गया?

OR

'माटसाब चाहे मुझे पीट लेते, मगर साहिल के सामने नहीं।' - बेला ऐसा क्यों सोचती है?

OR

'जब वह उसके पास आकर बैठी, उससे नज़र नहीं मिला पाई।' क्यों?

बेला जानती थी कि वह साहिल की नज़र में बहुत अच्छी लड़की है। लेकिन जब माटसाब ने साहिल के सामने बेला को पीटा, वह लज्जित हो गयी। इसलिए बेला का मन खराब हो गया।

3) बेला के सिर पर सफ़ेद पट्टी क्यों बाँधी गयी?

बेला छत से गिर गई और चोट लग गई। इसलिए बेला के सिर पर सफ़ेद पट्टी बाँधी गयी।

4) बेला और साहिल गांधी चौक क्यों गए?

बेला और साहिल लंगडी टाँग खेलने के लिए गांधी चौक गए।

5) अस्पताल में मिलते समय बेला और साहिल की हालत कैसी थी?

अस्पताल में मिलते समय बेला के सिर पर और साहिल की पिंडली पर पट्टी बाँधी गयी थी।

6) "इन बच्चों को अपने चारों ओर खेलते देखकर गांधीजी की मूर्ति ऐसी दिखाई पड़ती जैसे और समय से कुछ अधिक मुस्कुरा रही हो।" - लेखक के इस कथन का क्या मतलब है?

गांधीजी को बच्चों से बहुत प्रेम था। बच्चे भी उन्हें प्यार से 'बापूजी' पुकारते थे। इस प्रकार दोनों के बीच असीम प्यार था। इसलिए लेखक को लगता है कि इन बच्चों को अपने चारों ओर खेलते देखकर गांधीजी की मूर्ति ऐसी दिखाई पड़ती जैसे और समय से कुछ अधिक मुस्कुरा रही हो।